# पीएम सूर्यघर योजना का लाभ लेने में लखनऊ अव्वल

लखनऊ। सौर ऊर्जा के जरिये बिजली उपलब्धता की समस्या को खत्म करने और लोगों को निशुल्क बिजली देने का अभियान यूपी में गति पकड़ रहा है। इसके तहत शुरू की गई पीएम सूर्यघर योजना का लाभ लेने में लखनऊ अव्वल है। प्रदेश में 25 लाख घरों पर सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**वाराणसी, कानपुर नगर, प्रयागराज और आगरा टॉप फाइव में**

इसी साल शुरू हुई पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत सात महीने में लखनऊ में सर्वाधिक 11,435 सोलर रूफ टॉप पैनल लगाए गए हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में अब तक 4088, कानपुर नगर में 1909, आगरा में 1364 और प्रयागराज में 1349 सोलर पैनल लगाए गए हैं। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बिजली विभाग के अधिकारियों को इस काम में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पीएम सूर्यघर योजना के लिए अब तक 17.75 लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन हुए हैं। इनमें से 32 हजार से अधिक घरों में पैनल लगाए जा चुके हैं। ब्यूरो